Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7446	07.06.2023	09.06.2023	Almora Uttarakhand	www.jagran.com/Hindi https://www.jagran.com/uttarakhand/almora-almora-talli-mirai-village-ravaged-by-diarrhoea-150-people-sick-cmo-gave-instructions-to-the-team-for-a-week-long-camp-23434755.html
Title:	**150 people fell sick with diarrhoea, CMO gave instructions to the team for a week long camp in Almora, Uttarakhand**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- Almora, SSU- Uttarakhand			

विकासखंड का तल्ली मिरई डायरिया से बेहाल है। डायरिया के चपेट में लगभग पूरा गांव आ चुका है। बच्चों समेत लगभग सवा सौ महिलाएं तथा बुजुर्गों में रोग के लक्षण पाए गए हैं। ऐसी परिस्थितियों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में डेरा डाल दिया है। उल्टी दस्त से पीड़ितों का उपचार कर उन्हें दवाएं बांटी जा रही हैं। सीएमओ आरसी पंत ने सात दिन तक गांव में ही कैंप लगाने के निर्देश दिए हैं। चिकित्सकों के अनुसार स्थिति अभी नियंत्रण में है। पानी की अशुद्धता की संभावना के मद्देनजर नमूने जांच के लिए अल्मोड़ा स्थित लैब में भेज दिए गए हैं।

डायरिया के चपेट में आए तल्ली मिरई के लगभग सवा सौ लोग

तल्ली मिरई में डायरिया का जबर्दस्त प्रकोप है। बीते मंगलवार को तब स्थिति और बिगड़ गई जब एक के बाद दूसरे सौ से ज्यादा ग्रामीण उल्टी दस्त की चपेट में आने लगे। पीड़ितों की संख्या लगातार बढ़ने पर क्षेत्रीय विधायक मदन बिष्ट ने सीएमओ आरसी पंत को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। इस पर

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.
Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

चिकित्सकों की टीम रात में ही तल्ली मिरई पहुंच गई। करीब 70 पीड़ितों का उपचार कर दवाएं वितरित की गई।

बुधवार को भी उल्टी दस्त से लोग ग्रसित होते रहे। इधर दोपहर बाद तक आंकड़ा 125 के करीब पहुंच गया। सभी का चिकित्सकों की टीम ने इलाज किया। चिकित्सकों के अनुसार पीड़ितों की हालत अभी स्थिर बनी हुई है। टीम में डा. कमलेश जोशी तथा माइक्रोबायोलाजिस्ट डा. अभिषेक दोनों अल्मोड़ा जबकि डा. रंजन साह, डा. आशीष नौटियाल तथा डा. अंकित तिवारी तीनों सीएचसी द्वाराहाट शामिल हैं।

पानी में गंदगी का अंदेशा, नमूने लिए भेजा गया

तल्ली मिरई में डायरिया फैलने के कारणों की जांच शुरू हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार इन दिनों गांव में कोई कार्य नहीं होने के कारण सामूहिक भोज भी आयोजित नहीं हुआ था। तब दूषित पानी के सेवन के कारण डायरिया फैलने की आशंका को देखते हुए बुधवार को अल्मोड़ा से टीम तल्ली मिरई पहुंची। जिसने पानी के टैंक प्राकृतिक स्रोत तथा हैंडपंपों के पानी के नमूने लिए। अब जांच के बाद ही उक्त संक्रामक रोग फैलने के कारणों का पता चलेगा।

द्वाराहाट विधायक मदन सिंह बिस्ट ने बताया कि तल्ली मिरई में फैले डायरिया पर नियंत्रण पाने के लिए सीएमओ को तत्काल टीम भेजने को कहा गया। ग्रामीणों का उपचार चल रहा है। हर पल नजर रखी जा रही है। सभी का समुचित उपचार होगा।

सीएमओ अल्मोड़ा आरसी पंत ने बताया कि तल्ली मिरई में चिकित्सकों की टीम तत्काल भेज उपचार छह मई की देर रात तक किया गया। बुधवार को भी उपचार के साथ निगरानी भी रखी जा रही है। एक फार्मासिस्ट के नेतृत्व में सात दिन तक पूरी टीम गांव में ही रहेगी। पानी के नमूने भी लिए गए हैं। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054

For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029

Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921

https://twitter.com/MSVC1